# समाचार वाणी
खबर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026


# फेसबुक यूज़र्स सावधान! बिना क्रेडिट फोटो या वीडियो पोस्ट किया तो कमाई और रीच पर लगेगी रोक, मेटा का नया नियम लागू

Publisher    Published on 17 Jul 2025



**नई दिल्ली, 17 जुलाई 2025:** अगर आप फेसबुक पर एक्टिव हैं और दूसरों का कंटेंट (जैसे फोटो, वीडियो या टेक्स्ट) बिना अनुमति बार-बार पोस्ट करते हैं, तो अब यह आदत भारी पड़ सकती है। **Meta** ने फेसबुक पर **अनऑरिजिनल और डुप्लिकेट कंटेटं** को लेकर सख्त रुख अपनाया है।

### क्या है नया नियम?

अब फेसबुक पर जो अकाउंट बार-बार किसी ओर का कंटेंट चुराकर शेयर करेंगे, उन पर **मॉनिटाइजेशन बैन**, पोस्ट की **रीच मे कटौती** और कुछ मामलों में **अकाउंट डिलीट** तक की कार्रवाई हो सकती है।

### मेटा की कार्रवाई (जनवरी-जून 2025):

- 5 लाख+ अकाउंट्स पर एक्शन
- स्पैमी, फर्जी और डुप्लिकेट पोस्ट पर कार्रवाई
- कई पेजों की कमाई बंद
- कई अकाउंट्स की पहुंच कम की गई या हटाए गए

**क्यों लिया गया यह फैसला ?**

Meta का कहना है कि असली क्रिएटर्स की मेहनत को पहचान दिलाने और प्लेटफॉर्म पर **क्रिएटिविटी को बढ़ावा देने** के लिए यह कदम उठाया गया है। अब फेसबुक का फोकस **quality content** को प्रमोट करना है, न कि कॉपी-पेस्ट ट्रेंड को।

**किन पर लागू होगा यह नियम ?**

- पब्लिक पेज
- क्रिएटर अकाउंट
- पर्सनल अकाउंट जो बार-बार अनऑरिजिनल पोस्ट करते हैं
- मॉनिटाइजेशन वाले कंटेंट क्रिएटर्स

**किस तरह का कंटेटं चलेगा ?**

Meta ने कहा है कि यदि कोई यूज़र किसी वीडियो पर अपनी राय देता है, रिएक्शन वीडियो बनाता है या खुद की व्याख्या के साथ कंटेंट शेयर करता है, तो वह **उचित यूज़ (Fair Use)** की श्रेणी में आएगा। लेकिन सीधा कॉपी-पेस्ट अब नहीं चलेगा।

**नई टेक्नोलॉजी की टेस्टिंग :**

मेटा ऐसी तकनीक पर भी काम कर रही है जिसमें डुप्लिकेट कंटेंट पर "**Original Source Link**" जोड़ा जाएगा, ताकि यूज़र्स असली क्रिएटर तक पहुंच सकें।

**निष्कर्ष:**

अगर आप फेसबुक पेज चलाते हैं, क्रिएटर हैं या रेगुलर यूज़र हैं जो कंटेंट शेयर करता है — तो यह **बदलाव आपके लिए जरूरी चेतावनी है।** ओरिजिनल क्रिएटर्स को सपोर्ट करें, क्रेडिट देना न भूलें और कंटेंट का रचनात्मक उपयोग करें, वरना न सिर्फ कमाई पर रोक लगेगी बल्कि आपके कंटेंट की पहुंच भी खत्म हो सकती है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.